# शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा

## जनवरी 2018

1. महाविद्यालय की छात्र–छात्रा नेटबाल जो कि रायपुर में गुरूकुल महाविद्यालय में आयोजित था दोनो ही वर्ग में भाटापारा की टीम विजेता रही तथा हमारे महाविद्यालय से 7 खिलाड़ी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर हेतु चयनित हुआ।
2. दिनांक 22/01/2018 को महाविद्यालय में बंसतोत्सव एवं निराला जंयती का आयोजन किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं हेतु काव्य पाठ प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य **डॉ. परदेशी राम वर्मा (डी.लिट),** के विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
3. महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों (मेंहदी, पुष्प सज्जा, पाककला, केश सज्जा, बेस्ट ऑफ वेस्ट, रंगोली, वाद–विवाद, तात्कालिक भाषण, प्रश्नोंत्तरी आदि) का आयोजन किया गया।
4. महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव सत्र 2017–18 का आयोजन दिनांक 31.01.2018 को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सत्र 2017–18 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त 12 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक, 20 को क्रीड़ा में पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर में प्रतिनिधित्व करने वाले तथा दो उत्कृष्ट राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक विधाओं में स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त प्रो. गुप्तेश्वर साहू, प्रो. रोहन अग्रवाल एवं प्रो.मोनिका जैन को सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया गया।
5. महाविद्यालय में अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक पद पर पदस्थ श्रीमति निधि गुप्ता को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वरा Ph.D की उपाधि प्रदत्त की गई।
6. 25 जनवरी 2018 को महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव आयोजित किया गया जिसमें तवा फेंक, गोला फेंक, ऊंची कूद, लम्बी कूद, साइकिल दौड़ 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 1500 मीटर दौड़ आयोजित किया गया उक्त आयोजन में छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागलिया। नेटबाल अंर्तमहाविद्यालयीन में छात्र तथा छात्रा दोनो टीम इस वर्ष विजेता रही।
7. नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित छोटा भीम– कैप्टन क्लीन प्रतियोगिता के अंतर्गत निकाय स्तर पर महाविद्यालय छात्र–छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर 5100 रू., 3100 रू. , 2100 रू. क्रमशः पुरस्कार स्वरूप प्राप्त किया। फोटाग्राफी में लिलेश्वर साहू प्रथम, त्रिजोगी माण्डले– द्वितीय एवं पप्पू यादव तृतीय स्थान, चित्रकला में पम्मी कौशल प्रथम, नेहा केशरवानी द्वितीय, सुलोचना रजक तृतीय, नारा लेखन दामिनी वैष्णव प्रथम, लघु कथा पप्पू यादव प्रथम, राजेन्द्र लहरे द्वितीय स्थान पर रहें।
8. नये एवं पुराने भवन, नवीन ग्रंथालय, कार्यालय एवं स्टाफ रूम, नये एवं पुराने वाटर कूलर तथा बरामदों की साफ–सफाई की गई।

## फरवरी 2018

1. महाविद्यालय में दिनांक 21/02/2018 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा मातृभाषा की आवश्यकता पर व्याख्यान दिया गया।
2. दिनांक 28/02/2018 को महाविद्यालय में डॉ. अभया जोगलेकर, सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान, शासकीय दू.ब. कन्या स्नातको. महाविद्यालय, रायपुर द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं हेतु Health and hygiene विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसमें छात्राओं को स्वास्थ्यगत समस्याओं और उनके निवारण की जानकारी दी गई।
3. दिनांक 08 से 12 मार्च 2018 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2017–18 हेतु महाविद्यालय के प्रो. आंनद मिंज, सहायक प्राध्यापक–अंग्रेजी एवं डॉ. शशिकिरण कुजूर, सहायक प्राध्यापक– अर्थशास्त्र का चयन हुआ है।
4. नये एवं पुराने भवन, नवीन ग्रंथालय, कार्यालय एवं स्टाफ रूम तथा बरामदों की साफ–सफाई की गई।

## मार्च 2018

1. महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रो. आनंद मिंज एवं डॉ. शशिकिरण कुजूर ने दिनांक 08/03/2018 से 12/03/2018 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित आल इंडिया सिविल सर्विसेस टेबल टेनिस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।
2. अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकिरण कुजूर ने दिनांक 20/03/2018 से 25/03/2018 तक रायपुर में आयोजित आल इंडिया सिविल सर्विस बैडमिंटन टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।
3. नये एवं पुराने भवन, नवीन ग्रंथालय, कार्यालय एवं स्टाफ रूम तथा बरामदों की साफ–सफाई की गई।

## अगस्त 2018

1. दिनांक 23/08/2018 को सेंचुरी महाविद्यालय, बैकुण्ठ में आयोजित अंतर्महाविद्यालयीन पुरूष एवं महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला टीम विजेता रही एवं पुरूष टीम उपविजेता रही तथा 04 छात्रों एवं 07 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ साथ ही विश्वविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम हेतु एक छात्रा का चयन किया गया।
2. दिनांक 27/08/2018 को डी.के.स्नातको.महाविद्यालय, बलौदाबाजार में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में तीन छात्रों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया।
3. दिनांक 30/08/2018 को दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित अंतर्महाविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता में 03 छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय टीम के लिए किया गया।
4. दिनांक 31/08/2018 को महाविद्यालय से श्री डी.पी.कश्यप, प्रयोगशाला तकनीशियन–भौतिकशास्त्र सेवानिवृत्त हुए। महाविद्यालय परिवार द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक सादा एवं भावपूर्ण समारोह आयोजित किया गया।

## सितम्बर 2018

1. दिनांक 14/09/2018 को महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया जिसमें प्राध्यापकों व छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की।
2. दिनांक 15/09/2018 को दैनिक भास्कर की ओर से व्यक्तित्व विकास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
3. महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा केरल त्रासदी में सहयोग हेतु सहायता रैली का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20000/– रू. की राशि एकत्र हुई
4. दिनांक 17/09/2018 को महाविद्यालय में खो–खो महिला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय से तीन खिलाड़ी छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया।
5. दिनांक 20/09/2018 को खो–खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के पॉच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तथा एक खिलाड़ी का चयन विश्वविद्यालय दल हेतु किया गया।
6. दिनांक 22/09/2018 को SSS Spoken English Personality Development Raipur द्वारा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं हेतु व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।
7. दिनांक 27/09/2018 को अंतर परिक्षेत्र वालीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के एक खिलाड़ी का चयन विश्वविद्यालय दल हेतु किया गया।
8. दिनांक 26 सितम्बर से 29 सितम्बर 2018 तक छ.ग. संचार क्रांति योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के कुल 2071 पात्र विद्यार्थियों में से 2027 हितग्राहियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन 518 स्मार्ट फोन का वितरण का लक्ष्य था। कुल 2027 स्मार्टफोन विरतण कर 97.87 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई।
9. महाविद्यालय में 29 सितम्बर को सर्जिकल स्ट्राईक की द्वितीय वर्षगांठ को पराक्रम पर्व के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं द्वारा परिचर्चा की गई एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया साथ ही वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। बैनर पर छात्र–छात्राओं एवं प्राध्यापकों व प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस माध्यम से सभी को भारतीय सेना के पराक्रम से परिचित करवाया गया।
10. दिनांक 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2018 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें समस्त छात्र–छात्राओं एवं प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

## अक्टूबर 2018

1. दिनांक 01 से 06 अक्टूबर तक सरकार की शाइनिंग यूथ कार्यक्रम के तहत छात्र–छात्राओं से 2 मिनट का विडियो क्लिप बनवाकर भेजा गया जिसको विषय था शासन की कल्याणकारी योजनाएं।
2. दिनांक 02/10/2018 से 20/10/2018 के मध्य महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती वर्ष पर नई शिक्षा नई तालीम विषय पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
3. दिनांक 03 अक्टूबर को रायपुर में महात्मा गांधी के जीवन एवं कार्यो पर आयोजित प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु 10 छात्र–छात्राओं को भ्रमण कराया गया।
4. दिनांक 10, 11एवं 12 अक्टूबर 2018 को पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में छात्र–छात्राओं को विविध सांस्कृति गतिविधियों में सम्मिलित कराया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र नीरज ध्रुव का पोस्टर पेंटिग में चयन हुआ।
5. दिनांक 20 से 30 अक्टूबर के मध्य रसायनशास्त्र विभाग में छात्र–छात्राओं के ज्ञानवर्धन हेतु अंतरवैष्यीक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
6. दिनांक 25/10/2018 को रसायनशास्त्र विभाग द्वारा एम.एस.सी.तृतीय सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं को श्री सीमेंट कंपनी, सुहेला में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।
7. माह अक्टूबर में अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की वॉलीबाल महिला, कबड्डी पुरूष शतरंज एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय के दल ने प्रतिनिधित्व किया। जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु शतरंज में 01, वॉलीबाल महिला में 01, कबड्डी पुरूष में 01 तथा एथलेटिक्स में 02 छात्रों का चयन किया गया साथ ही 01 छात्र ने अंतर वि.वि.प्रतियोगिता में पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि. वॉलीबाल में प्रतिनिधित्व किया।
8. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस रेड क्रास सोसायटी के तत्वाधान से मानसिक तनाव से बचाव एवं नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान श्री राजेश प्रेमी द्वारा दिया गया।
9. महाविद्यालय की छात्रसंघ समिति का गठन किया गया एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## नवम्बर 2018

01. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई।
02. माह नवम्बर 2018 में अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय से एथलेटिक्स में एक छात्र ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया तथा एक छात्र ने खो–खो में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया साथ ही छात्रा वर्ग में बास्केट बॉल महिला में एक छात्रा ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
03. गांधी जी की 150वीं जंयती के उपलक्ष्य में गांधी जी के जीवन पर आधारित एक संगोष्ठी आयोजित की गई।
04. 26 नवम्बर को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।
05. सविधान दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियॉ निबंध प्रतियोगिता (विषय– मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य), प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई।

## दिसम्बर 2018

01.दिनांक 01/12/2018 को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की रेडक्रास समिति के द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें व्याख्यान एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से एड्स से बचाव हेतु सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई।

02.दिनांक 05/12/2018 को महाविद्यालय की रेडक्रास समिति एच.डी.एफ.सी. बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं द्वारा 44 यूनिट रक्तदान किया गया।

03.दिनांक 07/12/2018 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में पुलिस प्रशासन भाटापारा द्वारा विद्यार्थियों के लिये फायर सेफ्टी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में श्री मयंक जैन, फायर सेफ्टी अधिकारी, अम्बुजा सीमेंट द्वारा आग लगने पर बचाव से जुड़े उपायों की जानकारी देने के साथ ही उनका प्रेक्टिकल कर बचाव के उपायों को प्रदर्शन कर समझाया गया। उक्त कार्यशाला में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही ।

04.दिनांक 07/12/2018 को पुलिस प्रशासन भाटापारा द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु यातायात सुरक्षा सम्बधी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्री द्विवेदी, एस.डी.ओ. पुलिस भाटापारा एवं श्री साहू, टी. आई, भाटापारा द्वारा सुरक्षित यातायात के उपाय एवं महत्व बताये गये तथा छात्रों को हेलमेट का उपयोग करने हेतु एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

05.दिनांक 10/12/2018 को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गए। डॉ. पूर्णिमा साहू,, सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान द्वारा घरेलू हिंसा एवं उत्पीड़न पर व्याख्यान दिया गया एवं प्राचार्य, प्राध्यापको, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं द्वारा मानवाधिकार की रक्षा हेतु शपथ ली गई।

06.''गांधी जी के विचारों की प्रांसगिकता'' पर प्राध्यापकों के मध्य संगोष्ठी आयोजित की गई। छात्र–छात्रओं हेतु गांधी जी की जीवनी पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

07.दिनांक 20/12/2018 को सिध्दखोल–जलप्रपात, कसडोल नामक स्थान पर छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

08.माह दिसम्बर 2018 में महाविद्यालय के जूडो टीम से 03 खिलाड़ी छात्राओं ने पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लिया तथा 01 खिलाड़ी छात्रा ने ऑल इंडिया बास्केट बॉल प्रतियोगिता में ईस्ट जोन से पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर से प्रतिनिधित्व किया।